# पुलिस की वर्दी का प्रयोग कर लूटपाट-हत्या करने वाला शातिर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**एसएसपी शैलेश पांडे ने बताया कि शुक्रवार रात थानाध्यक्ष शेरगढ़ सोनू कुमार से दिल्ली साउथ रेंज की स्पेशल टीम ने सम्पर्क कर क्षेत्र में वांछित की लोकेशन के आधार पर धरपकड़ को सहयोग मांगा**

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी



**मथुरा।** पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को रॉब दिखाकर लोगों को गाडी में बैठाकर उनके साथ लूटपाट करने और विरोध करने पर हत्या कर फरार होने वाला शातिर बदमाश को शेरगढ पुलिस और दिल्ली पुलिस स्पेशल सैल साउथन रेंज की संयुक्त टीम ने कोसी-शेरगढ़ रोड पर बीती रात पुलिस मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार किया है।

एसएसपी शैलेश पांडे ने बताया कि शुक्रवार रात थानाध्यक्ष शेरगढ़ सोनू कुमार से दिल्ली साउथ रेंज की स्पेशल टीम ने सम्पर्क कर क्षेत्र में वांछित की लोकेशन के आधार पर धरपकड़ को सहयोग मांगा। थानाध्यक्ष शेरगढ़ सोनू कुमार, स्पेशल टीम साउथ रेज दिल्ली टीम प्रभारी पवन कुमार, दिल्ली स्पेशन सैल के उप निरीक्षक सुमित, निशान्त गुरान, हरद्वारीलाल, महिला उप निरीक्षक नीतू बैसोया, जयवीर सिंह, शेरगढ उप निरीक्षक मनोज कुमार भाटी, सन्दीप सिंह टीम के साथ संयुक्त रूप से शेरगढ़-कोसी रोड पर स्थित खडवाई मोड़ के समीप करने लगे। तभी सामने मोटर साइकिल सवार को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख बाइक सवार ने बाइक को मोड़ कर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग की।

इस दौरान उसके पैर में गोली लगने से घायल शातिर बदमाश ललित कुमार निवासी गाव ककोला लोधा, अलीगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश को उपचार के लिये जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। इसके कब्जे पिस्टल, कारतूस मैगजीन बरामद कर घायल उपचार को अस्पताल में भर्ती कराया है।

### जॉब की तलाश में दिल्ली जाकर बन गया शातिर बदमाश

*कुख्यात लुटेरे शार्प शूटर चुन्नू गुप्ता की हत्या कर जिंदा जला दिया था*

थानाध्यक्ष शेरगढ़ ने बताया कि शातिर बदमाश ने बी.टेक. करके दिल्ली में जॉब की तलाश के दौरान दिल्ली निवासी राजेश उर्फविक्की पुत्र ओमप्रकाश से मुलाकात हुयी और राजेश एक टी.वी. सीरियल कम्पनी मे काम करता था। दोनो दोस्तों ने मिलकर एक संगठित गिरोह तैयार किया 'जो पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को गाडी मे बैठाकर उनके साथ लूटपाट करने लगे और विरोध करने पर हत्या की घटना को अंजाम देते थे। दोनो ने दिल्ली के स्वरूपनगर इलाके में प्लेसमेन्ट कम्पनी खोलकर लूट की वरदात को करने के लिये नवयुवकों को जॉब देना शुरू कर दिया और जो युवा इनके मतलब के थे उनको अपनी गैंग में सम्मिलित कर लेते थे।' इनके लगातार अपराध करने पर कुख्यात लुटेरे शार्प शूटर चुन्नू गुप्ता ने इनका विरोध किया तो इस गैंग ने चुन्नू गुप्ता को दिल्ली से उठाकर थाना खैर जनपद अलीगढ के जंगल मे लाकर इनोवा गाडी व डैड बाडी को जला दिया। इस घटना के खुलासे में इनके कब्जे से लूटी हुयी 4 लग्जरी गाडियां, 70 से ज्यादा मोबाइल, सिपाही से लेकर के डी.एस.पी. तक की वर्दी, लाल बत्ती आदि बरामद हुये। ललित के अलावा चार अन्य साथी इस घटना में जेल जा चुके हैं और लूट सहित 20 हत्याओं की घटनाओं को इन्होने स्वीकारा किया था। इसके अलावा जनपद अलीगढ़ के थाना खैर, गभाना आदि थानों में हत्या व चोरी और लूटे वाहनों के प्रकरण में गिरफ्तार कर शातिर ललित जेल जा चुका है। वर्तमान समय में चोरी के साथ-साथ साइबर फाड के अकाउंट बेचने का कार्य भी इसके द्वारा किया जा रहा था।

# मथुरा लोस क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी होंगे पंडित कमलकांत उपमन्यु

**बसपा के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रीय महासचिव व आगरा मंडल के प्रभारी मुनकाद अली ने की घोषणा**




तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी

**मथुरा।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा शनिवार को डेंपियर नगर स्थित एक स्थानीय होटल में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि बसपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं आगरा मंडल के प्रभारी और पूर्व राज्यसभा सांसद मुनकाद अली ने मथुरा लोकसभा से पंडित कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट को प्रत्याशी घोषित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बसपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती द्वारा बसपा के पुराने साथी श्री कमलकांत उपमन्यु को मथुरा से लोकसभा प्रत्याशी के रूप में आशीर्वाद दिया गया था जिसकी आज विधिवत घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि हमें केवल स्थानीय बसपा प्रत्याशी को ध्यान में रखना है। उनके द्वारा ही बृजभूमि का विकास कराया जा सकता है।

बसपा के लोकसभा प्रत्याशी पंडित कमलकांत उपमन्यु ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बहन कुमारी मायावती जी द्वारा उन पर जो विश्वास जताया गया है वह उस पर खरे उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि रानी के पेट से और महल के गेट से अब राजा नहीं आते, अब एक सामान्य परिवार का आदमी भी लोक तंत्र के इस महाकुंभ में खड़ा होकर जीत प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि मैं बाहरी नहीं बल्कि बृजवासी व सामान्य परिवार से प्रत्याशी हूं। बृजवासियों के बीच रह कर हर समस्या का समाधान करूंगा। उन्होंने कहा कि अगर बृजवासी मुझे सांसद के रूप में चुनते हैं तो सांसद निधि के पैसे को वापस नहीं जाने दूंगा। ऐसा सुना है कि वर्तमान सांसद हेमा मालिनी के 2014 से 2019 के कार्यकाल के दौरान 25 करोड रुपए फंड मिला था, उनमें से 10 करोड वापस हो गए थे। उनके द्वारा केवल 15 करोड़ की निधि ही प्रयोग की गई थी और उसमें से भी 20 प्रतिशत निधि वापस हो गई थी।

कार्यकर्ता सम्मेलन में आगरा अलीगढ़ मंडल के प्रभारी सूरज सिंह जाटव, पूर्व राज्य मंत्री एवं आगरा मंडल के प्रभारी गोरेलाल जाटव, पूर्व एमएलसी प्रताप सिंह बघेल, आगरा मंडल के मंडल प्रभारी संतोष आनंद, मंडल प्रभारी रविंद्र पारस, जिला प्रभारी दारा सिंह आजाद, जिला प्रभारी हेमेंद्र कुमार, जिलाध्यक्ष गोवर्धन सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसराम सिंह, बसपा नेता प्रेमचंद कर्दम, लक्ष्मण सिंह, अशोक सुमन, गंगाराम सोनी, ओमप्रकाश बघेल, ओम प्रकाश शर्मा, गुल मोहम्मद शाह, किशोर कुमार, योगेंद्र सिंह, मुनेंद्र सिंह निगम, सत्येंद्र सिंह, उमेश रावत, विक्रम सिंह, देवी सिंह कुंतल, हरि सिंह जिला पंचायत सदस्य, नवल शर्मा, राजकुमार शर्मा, मनोज शर्मा उर्फ बॉबी भैया, राजू पंडित, प्रमोद शर्मा, सुनील शर्मा, भरत गर्ग आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# हाईवे पर ज्वेलर्स पिता पुत्र से बड़ी लूट, लाखों की नगदी जेवरात से भरा थैला छीना

**लूट की सूचना मिलते आगरा से मौके पर पहुंचे आईजी जोन, घायल से ली जानकारी**

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी



**मथुरा।** आगरा दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर सांय भगवान नगर स्थित मीरा मगन पैराडाइस के समीप बाइक सवार तीन बदमाशों ने ज्वेलर्स की दुकान बंद कर घर जा रहे बाइक सवार पिता पुत्रों पर तमंचों की बट से प्रहार कर लाखों रुपए की सोने चांदी और नगदी से भरे थैले को लूट कर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर छान बीन मे जुट गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर आगरा मंडल के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार और एसएसपी शैलेश पांडे मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद समूचे हाईवे के संपर्क मार्ग सहित मुख्य सड़क पर पुलिस द्वारा कड़ी चेकिंग की जा रही है।

बदमाशों की तलाश में पुलिस की कई टीम तेजी से जुट गई है। घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी के फुटेज खंगाले ले जा रहे हैं। बताया जाता है कि औरंगाबाद के तंतुरा क्षेत्र में मूल चंद ज्वेलर्स के नाम से बांके लाल वर्मा की ज्वेलर्स की दुकान है। प्रतिदिन की भांति शुक्रवार देर शाम अपनी दुकान बंद कर दुकान स्वामी अपने पुत्र सोनू वर्मा के साथ घर जा रहे थे तभी आगरा दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर भगवान नगर स्थित मीरा मगन पैराडाइस के समीप बाइक सवार तीन बदमाशो ने पिता पुत्र की बाइक में पहले टक्कर मारी फिर जैसे ही दोनो पिता पुत्र सड़क पर गिरे तो बदमाशो ने तमंचे की बट से प्रहार कर उनको घायल कर हाथ में लगे सोने चांदी और नगदी से भरे थैले को लूट कर फरार हो गए।

लहुलुहान हालत में दोनो सड़क पर पड़े रहे। लूट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल ज्वेलर्स दुकान स्वामी बांके लाल ने बताया की बाइक पर तीन बदमाश पीछे से आते है और बाइक मे टक्कर मार कर तमंचे की वट से वार कर घायल कर दिया। थैले में करीब 15 से 20 लाख के सोने चांदी के आभूषण सहित 2.50 लाख की नगदी रखी थी जिसको बदमाश लूट कर फरार हो गए। बदमाशो ने डराने के लिए दो बार फायरिंग भी की। एसएसपी शैलेश पांडे ने बताया है कि घटना को गंभीरता से लिया गया है । घटना के खुलसा के लिए पुलिस की कई टीम लगाया गया है।

# मथुरा में 18 मई 2024 तक धारा-144 लागू

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी

**मथुरा।** जिला मजिस्ट्रेट ने जनपद मथुरा में धारा-144 लागू की है। उन्होंने बताया कि जनपद में होली का वातावरण विद्यमान है, जो दिनांक 26 मार्च तक रहेगा, जिनमें विभिन्न राज्यों के लाखों श्रद्धालु सम्मिलिति हो रहे हैं। उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद की वार्षिक बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन कार्य चल रहा है, जो दिनांक 31 मार्च तक चलेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तिथि घोषित करके आदर्श आचार संहिता प्रभावी की जा चुकी है।

दिनांक 29 मार्च को गुड फ्राईडे, दिनांक 11 अप्रैल को ईद-उल-फितर, दिनांक 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अम्बेडकर जी का जन्म दिवस, दिनांक 17 अप्रैल को राम नवमी, दिनांक 21 अप्रैल को महावीर जयंती पर्व मनाये जायेंगे। नकट भविष्य में परीक्षायें/प्रतियोगितात्मक परीक्षायें भी संभावित हैं। रिफाइनरी संबंधी कार्यों के सुगम संचालन हेतु धारा-144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा निर्गत किया गया है। उक्त के दौरान कतिपय व्यक्ति/संगठन, शरारती व समाज विरोधी तत्व जनपद में शांति/कानून व्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे व्यक्तियों को पूर्व में चिन्हित कर पाना संभव नहीं है तथा समय भी कम है। नोटिस देकर सुनवाई कराना भी संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में शांति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से धारा-144 लागू कर दी गई है।

यह आदेश लोक व्यवस्था व लोक परिशान्ति बनाए रखने के हित में अपरिहार्यता के दृष्टिगत पारित किया जा रहा है। चूँकि यह आदेश जिन व्यक्तियों पर अभिप्रेत है, उन्हें चिन्हांकित कर पाना तथा उन्हें सुना जाना वर्तमान परिस्थितियों में संभव नहीं है और परिस्थितियां इस प्रकार हैं कि इस आदेश को प्रवर्तित किया जाना आवश्यक है। यह आदेश एकपक्षीय रूप से जारी किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावी होगा, यदि बीच में वापस न लिया गया, जो दिनांक 21 मार्च 2024 से दिनांक 18 मई 2024 तक लिऐ प्रभावी होगा।

# भाजपाईयों के साथ हेमा मालिनी ने किया होली नृत्य

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी



**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी मथुरा के द्वारा शनिवार को होली मिलन समारोह का कार्यक्रम में सांसद हेमा मालिनी ने कार्यकर्ताओं के साथ फूल गुलाल से होली खेली और नृत्य किया। सांसद ने कार्यकर्ताओं और मथुरा की जनता को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मथुरा की होली मन को आनंद से भर देती है। प्रधानमंत्री मोदी के 400 सीटों के संकल्प के साथ काम करें, चार जून को फिर से होली मनाएँगे।

महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी एवं जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय के नेतृत्व में बीएसए कॉलेज रोड स्थित भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर हुए होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायक राजेश चौधरी, मेघश्याम सिंह, पूरन प्रकाश, ठाकुर ओमप्रकाश, महापौर विनोद अग्रवाल, क्षेत्रीय महामंत्री नगेंद्र सिकरवार, विनोद चौधरी, लोकसभा संयोजक डॉ देवेंद्र शर्मा, महानगर महामंत्री राजू यादव, सुनील चतुर्वेदी, राजवीर सिंह, वरिष्ठ नेता संजय गोविल, योगेंद्र चतुर्वेदी, मूलचंद गर्ग, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, राजेश गुप्ता, मुकेश खंडेलवाल, अनिल चौधरी, पार्षद राकेश भाटिया, हेमंत अग्रवाल, मोहन भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। संचालन महानगर महामंत्री प्रदीप गोस्वामी ने किया।



# मंदिर कोष से ब्रज की 125 बेटियों को मिला 'प्रियाकान्तजु विद्याधन'

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी

**मथुरा।** ब्रज की 125 बेटियों को शिक्षा के लिये प्रियाकान्तजु मंदिर कोष से आर्थिक सहायता प्रदान की गयी । मंदिर संस्थापक देवकीनंदन महाराज ने 'प्रियाकान्तजु विद्याधन' योजना में चयनित बेटियों को सहयोग राशि प्रदान की । अभिनेत्री एवं मथुरा सांसद हेमा मालिनी ने बेटियों को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर होने की सीख दी । मंदिर पर कल हाईड्रोलिक पिचकारी से सतरंगी होली खेली जायेगी। शनिवार को छटीकरा मार्ग स्थित ठा0 श्री प्रियाकान्तजु मंदिर पर होली महोत्सव में देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कराते हुये परोपकार का सबसे बड़ा धर्म बताया।

उन्होने कहा कि बेटियाँ देवी स्वरूप हैं, इनकी सेवा सौभाग्यशालियों को मिलती है । आयोजन में शामिल हुंई मथुरा सांसद हेमामालिनी ने शिक्षा के लिये मंदिर द्वारा चलायी जा रही योजना को अनूठा बताया। कथा के बीच देवकीनंदन महाराज ने जरूरतमंद परिवारों की 125 बेटियों को 6 लाख 37 हजार पाँच सौ रूपये का सहयोग दिया । इसमें प्रत्येक बेटी को शिक्षा के लिये 5100 रूपये सहयोग राशि मिलेगी।

- ❖ **देवकीनंदन महाराज ने सौंपा 6,37,500 का प्रतीक चैक, प्रत्येक को मिलेंगे 5100 रूपये**
- ❖ **बेटियाँ शिक्षा को हथियार बनाकर बने आत्मनिर्भर, देश के काम आयें : हेमा मालिनी**
- ❖ **बेटियाँ देवी स्वरूप, इनकी सेवा सौभाग्य की बात : देवकीनंदन महाराज**

इस मौके पर अभिनेत्री हेमामालिनी ने होली की शुभकामनायें देते हुये बेटियों को शिक्षा को हथियार बनाकर आत्मनिर्भर होने का संदेश दिया । सांसद ने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ ही बच्चों को अपनी किसी एक कला का भी विकास करना चाहिये । उन्होने कहा कि हाउस वाईफ बनना आसान कार्य नहीं है । पूरे घर के कार्य को करने के बाद भी अपने को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास करना चाहिये। प्रियाकान्तजु मंदिर सचिव विजय शर्मा ने बताया कि वर्ष 2016 में मंदिर स्थापना से ही ब्रज की बेटियों के लिये यह योजना चलायी जा रही है । कन्या शिक्षा हेतु अब तक 57 लाख से अधिक का सहयोग प्रदान किया जा चुका है । उन्होने बताया कि रविवार को दोपहर 1 बजे के बाद मंदिर परिसर में प्रसिद्व हाईड्रोलिक होली खेली जायेगी।

**बेटियों ने दिया धन्यवाद :** इस मौके पर सहायता लेनी वाली बेटियों ने पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज जी और संस्था को सहयोग के लिये धन्यवाद देते हुये अपने विचार व्यक्त किये । इस दौरान बेटियों का मनोबल साफ बढ़ा हुआ नजर आया । तारसी की गंगा देवी ने बताया कि वह बीएड कर रही है और संगीत अध्यापिका बनना चाहती है, इसमें संस्था ने बहुत सहयोग मिला है।

देवीपुरा की गौरी इनकम टैक्स ऑफिसर बनना चाहती है तो सपना पुलिस इंस्पेक्टर बनने की तैयारी कर रही है । राया की हेमन्त कुमारी अध्यापक, बाकलपुर की यषोदा शर्मा डॉक्टर बनकर देष की सेवा करना चाहती हैं ।

### 27 मार्च को मुख्यमंत्री योगी के मथुरा आगमन को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा

**मथुरा।** 27 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित मथुरा आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन के अधिकारी अनौपचारिक रूप से तैयारी में जुट गए हैं। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी प्रबुद्ध प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने हाईवे स्थित मंगलम रिसोर्ट में आ सकते हैं। वहा व्यवस्था को देखने के लिए नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार द्वारा आज निरीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री के आगमन का कार्यक्रम एक दो दिन में प्रशासन को प्राप्त हो सकता है। आचार संहिता लगने के कारण मुख्यमंत्री के आगमन पर ज्यादा ताम झाम नहीं किया जा सकते हैं।

# मतदाता गीत का विमोचन, मतदाताओं को किया जागरूक

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी




**मथुरा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी/ स्वीप नोडल अधिकारी मनीष मीना के द्वारा मतदाता गीत का विमोचन किया गया। इस गीत की रचनाकार हैं स्वीप कोऑर्डिनेटर प्रो0 पल्लवी सिंह और धर्मेंद्र कुमार गोयन। इस गीत को लयबद्ध किया है और स्वर दिया है।

गीत के बोल हैं लोकतंत्र का है त्योहार, वोट डालना अब की बार। सोच समझ कर करना तुम अपने अपने मताधिकार। कोई मतदाता न छूटेगा, देश को यह मजबूत करेगा। लोकतंत्र का करो सम्मान, एक-एक मत का है योगदान। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/ स्वीप नोडल अधिकारी मनीष मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि यह गीत नगर निगम की सभी गाड़ियों पर सुनाया जाएगा और नगर निगम के पीए सिस्टम से भी यह गीत बजेगा, जिससे मुख्य चौराहों पर भी यह गीत आम मतदाताओं को सुनने को मिलेगा और उन्हें मतदान के प्रति प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि यह मतदाता गीत यातायात पुलिस को भी दिया जा रहा है, जिससे यह गीत जगह-जगह पर सुनाया जा सके और मतदाता तक पहुंच सके।

स्वीप कोऑर्डिनेटर और गीत की रचयिता प्रो0 पल्लवी सिंह ने कहा कि यह बहुत सुंदर मतदाता गीत है जो अवश्य ही मतदाताओं को जागरूकता में लाभकारी सिद्ध होगा। गीत को अपनी आवाज देने वाले धर्मेंद्र कुमार गोयन ने कहा कि मुझे इस गीत को गाते हुए बहुत ही गर्व का अनुभव हो रहा है। एसएलएमटी डॉ दीनदयाल और जिला मास्टर ट्रेनर व स्वीप मीडिया कोऑर्डिनेटर डा0 मनीष दयाल ने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदाता नैतिक मतदान पर अवश्य जोर दें और बिना किसी भय और लोभ के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस अवसर पर आर.के. अग्रवाल जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अजय गुप्ता अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जयगुरूदेव आश्रम में होली मेला आज से

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी



**मथुरा।** जयगुरुदेव आश्रम में 24 से 26 26 मार्च तक आयोजित तीन दिवसीय होली मेला सत्संग के पूर्व 23 मार्च को मुक्ति दिवस का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पं. मृत्युंजय झा ने जयगुरुदेव नामांकित ध्वजा का विधिवत पूजन कराया और संस्थाध्यक्ष पंकज महाराज ने झण्डोत्तोलन किया। मुक्ति दिवस पर्व पर अपना संदेश देते हुये।

उन्होंने कहा कि संस्थाध्यक्ष ने जयगुरुदेव ध्वजा की महिमा का उल्लेख करते हुए बताया कि यह दुनिया का अन्धकार हरने वाला, सर्वसुख शान्ति स्थापित करने वाला और सत्यमार्ग दिखलाने वाला है। इस ध्वजा को धारण करने वाला जन्म-मरण के बन्धन से छूट जायेगा और अन्त समय में प्रभु में समा जायेगा। गुरू भक्ति पूरन बिन, कोई न पावे चैन पंक्ति को उद्धृत करते हुये बताया कि में होली मेला आज रविवार से कलयुग में जितने भी सन्त, फकीर आये सभी ने मानव के आत्मकल्याण की बात बतायी। लेकिन अज्ञानता के कारण लोगों ने उन सन्तों, फकीरों को तरह तरह की यातनायें दी। कबीर, नानक, रैदास, पल्टू, मीरा आदि महान सन्तों को जान से मारने के लिए काम किया। लेकिन उन्होंने अपने दृढ़ संकल्पों को नही छोड़ा।

उन्होंने अपने बलिदान और त्याग से जीवों के ऊपर लदे कर्मों को साफ किया। सौभाग्य से मनुष्य शरीर मिला हुआ है। इसमें प्रभु के पास जाने का दरवाजा है, उस दरवाजे को महात्मा खोलते हैं। गुरू भक्ति करके अपना आत्मकल्याण कर लेना चाहिए। सुरत-शब्द की कमाई सभी हिन्दू- मुसलमान, सिख-ईसाई को करनी चाहिए इसके लिए पहले आपको मानवतावादी और चरित्रवान बनना पड़ेगा।

लोग अपने माँ-बाप को सताते, वे इंसान कभी सुखी नहीं हो सकते। आज महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव का बलिदान दिवस है। उन्हें याद करके श्रद्धांजलि दी गयी। श्रद्धालुओं का आना जारी है।



# ग्रुप कमांडर ने 11 यूपी बटालियन एनसीसी का दौरा किया

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी

**मथुरा।** ब्रिगेडियर पीएस सांगवान, ग्रुप कमांडर अलीगढ़ ने 11 यूपी बटालियन एनसीसी का दौरा किया और बटालियन के तहत 21 संस्थानों के एनसीसी कैडेटों को प्रशिक्षण देने में बटालियन द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बटालियन के प्रशिक्षण क्षेत्र का भी निरीक्षण किया और प्रशिक्षण स्थान की उपलब्धता से प्रभावित हुए। ब्रिगेडियर सांगवान को कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रजत पाण्डेय ने एनसीसी कैडेटों के प्रदर्शन, विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी और व्यक्तित्व विकास के बारे में जानकारी दी।

अन्त में ग्रुप कमांडर ने एएनओ को उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी कैप्टन अतुल शर्मा, कैप्टन सुरेन्द्र कुमार, कैप्टन गोविन्द, ले0 अभिषेक सोलंकी, ले. हरिओम, ले. विष्णु, सूबेदार मेजर पुषपिन्दर सिंह, सूबेदार भोजराज गुरूंग, बीएचएम जय सिंह आदि उपस्थित रहे।